सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 30 अगस्त, 2023

बुधवार को राजभवन में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में प्रजापति ब्रह्मकुमारी परिवार की महिलाओं और एसओएस चिल्ड्रन विलेज, भीमताल की बच्चियों ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) को राखी बांधी और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। राज्यपाल ने सभी महिलाओं और बच्चियों को रक्षाबंधन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई–बहन के स्नेह और पवित्र बंधन के त्यौहार के साथ–साथ मातृशक्ति के सम्मान का भी पर्व है। उन्होंने कहा कि स्नेह और विश्वास के प्रतीक के रूप में यह त्यौहार सामाजिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे को भी बढ़ाता है।

राज्यपाल ने कहा कि यह त्यौहार महिलाओं के हितों के संरक्षण और उनके कल्याण को प्रोत्साहित करने की संकल्पना को मजबूती भी देता है। उन्होंने महिलाओं को रक्षाबंधन की विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा है, कि वे अपनी क्षमताओं को भी बढ़ाएं और स्वयं भी सशक्त बनने के साथ–साथ अपने परिवार, गांव, समाज, प्रदेश एवं देश की उन्नति में अपने पूरे सामर्थ्य से योगदान करें। राज्यपाल ने कहा कि देश एवं प्रदेश का सर्वांगीण विकास मातृशक्ति की भागीदारी के बिना संभव नहीं है।

..............0..............